**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक 29.08.2020**

- **नगर के विभिन्न में चल रहे विशेष सफाई अभियान का नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 29.08.2020 को किया गया निरीक्षण।**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 29.8.2020 को नगर निगम के क्षेत्रान्तर्गत चला विशेष सफाई अभियान। कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1– नगर के विभिन्न में चल रहे विशेष सफाई अभियान का नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 29.08.2020 को किया गया निरीक्षण। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर के विभिन्न क्षेत्रों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय ने आज नगर निगम के **सफाई जोन–4 के मोहल्ला वाजिदखेल एवं सफाई जोन–5 के मोहल्ला अहमदपुर रेती** में चल रहे विशेष सफाई अभियान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त महोदय ने सभी सफाई कर्मचारियो को मॉस्क पहनने के लिये कहा,नाले एवं नालियो की सफाई कराये जाने हेतु सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त दिन में स्ट्रीट लाइट जलती हुई पायी गई, नगर आयुक्त महोदय ने सहायक अभियन्ता (प्रकाश) को फटकार लगायी तथा निर्देशित किया गया कि भविष्य में दिन में कहीं भी किसी भी स्थल पर लाईट जलती न पाई जाये। नगर आयुक्त महोदय ने स्थानीय जनता से स्वच्छता सफाई व्यवस्था,प्रकाश एवं जल की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। जिसमे स्थानीय लोगो द्वारा श्री नोमान अली,दानिश अली,रहमत अली एवं इबने हसन आदि द्वारा सफाई व्यवस्था,प्रकाश व्यवस्था एवं जल व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश के क्रम में एण्टीलार्वा का छिड़काव, सेनेटाईजेशन एव फागिंग का कार्य कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अगंद गुप्ता, श्रीमती रश्मि भारती, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0 गौतम, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चद्रवीर सिंह सागर एवं सुनील शाक्य तथा क्षेत्रीय सफाई नायक एवं सहायक सफाई नायक उपस्थित रहें।

2– नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान आज दिनांक 29.08.2020 को नगर के विभिन्न वार्डो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। है। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित किया गया कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु लोगो को जागरूक करते रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी गयी। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य खिरनीबाग,नवोदय विद्यालय, कचहरी, मंत्री जी वाली गली,सुभाष नगर,इन्द्रानगर, बृज बिहार कालोनी, तारीन बहादुरगंज ,पावर हाउस, बी0एस0 पब्लिक, पॉलिटेक्निक कालेज,चार खम्बा,किला रैन बसेरा, चिनौर, रामनगर,गदियाना, सैनिक कालोनी, रेयान स्कूल, रेती, दलेलगंज, तारीन गाड़ीपुरा पब्लिक, महमंद जलालनगर स्कूल, अहमदपुर, रेती, फत्तेपुर, तिलहरजई, मोहम्मदजई, गौहरपुरा, बाबूजई, कच्चा कटरा, चौभुर्जी, चमकनी, बहादुरगंज, आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्मत एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है।

Generated by CamScanner

नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु ,शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें । इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 29.08.2020 को **दिलाजाक, ब्रज बिहार कालोनी,ककरा खुर्द, ख्वाजा फिरोज, अहमदपुर रेती** में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 29.08.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संकमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा जनता से अपील की है कि नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करे, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ करा जाये एवं जल भराव स्थानो को साफ कराया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर
29/8/2020

Generated by CamScanner